
# हाईटेक हमीदिया में नहीं मिल रहा मरीजों को पीने का पानी



5 वीं मंजिल में वार्ड में लगा वॉटर कूलर बंद पड़ा



6 वीं मंजिल में लगे वॉटर कूलर में जमी गंदगी



7वीं मंजिल में पेयजल के पास रखा कचरा

## दोपहर में चौथी, पांचवीं और सातवीं मंजिल पर सूखे पड़े नल

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 29 मई. शहर में 482 करोड़ की लागत से बने हाईटेक हमीदिया अस्पताल की नई बिल्डिंग में इन दिनों मरीज पेयजल के लिये भटकते दिख रहे है.**

जहां मरीज अस्पताल में इलाज के लिये आते है, और डॉक्टर उन्हें गर्मी से बचाव को लगातार पानी पीने की सलाह देते हैं, लेकिन अस्पताल में भर्ती इन मरीजों संग परिजन आज कल पानी की किल्लत से जूझ रहे है. बता दें शुक्रवार को नवभारत रिपोर्टर ने अस्पताल की चौथी मंजिल में पहुंचकर लोगों को पानी की बोतलें लेकर भटकते देखा, तो पूछने पर लोगों ने बताया कि चौथे तल पर कहीं भी पीने के पानी की उपलब्धता नहीं है. वहीं इसके बाद जब रिपोर्टर ने पांचवी, छठवीं और सातवीं मंजिल में भर्ती मरीजों के परिजन से बातचीत की तो पता चला कि इनमें भी पानी नहीं आ रहा. इस कारण परिजन या तो पानी बाहर से खरीद कर ला रहे, या फिर 7वीं मंजिल से ग्राउंड फ्लोर पर पानी लेने जे रहे. कुछ लोगों ने बताया कि छठी मंजिल पर केवल एक जगह पानी आ रहा है, लोकिन वो पीने में कड़वा और गरम है.



बेटा तीन दिन से भर्ती है, पानी खरीद कर ला रहा हूं, या फिर सबसे नीचे परिसर में मंदिर के पास ठंडा पानी मिलता है तो वहां से लाता हूं. पांचवीं मंजिल में कहीं भी पानी की सुविधा नही है. उपर और नीचे के वार्डों में भी देखा लेकिन पानी नहीं मिल रहा.

**-अमान सिंह, परिजन**



पानी की बहुत समस्या है, ग्राउंड फ्लोर में पानी लेने जाना पड़ता है, वहां भी कई बार गरम पानी मिलता है, तो बाहर से खरीदना पड़ता है. इतनी गर्मी में अस्पलात में मरीजों के लिये पानी की व्यवस्था तक सही नहीं है.

**-विकास दांगे, मरीज**

### केवल मरीजों के लिये 3 हजार लीटर पानी की है जरूरत

2 हजार बेड के अस्पताल में हजार की संख्या में मरीज भर्ती होते हैं, वहीं उनके साथ परिजन भी रुकते हैं. इस लिहाज से एक मरीज के लिये करीब 3 से 4 लीटर के पानी की जरूरत पड़ती है. जिसके अनुसार रोजाना अस्पताल में केवल मरीजों और उनके परिजनों के पीने के लिये ही 3 हजार लीटर से अधिक पानी की जरूरत होती है.

### एक नजर में

#### जिले के 34110 किसानों ने 344870 मीट्रिक टन गेहूं बेचा

**भोपाल.** सरकार के द्वारा उपार्जन केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का गुरुवार को अंतिम दिन था. इस बार जिले में समर्थन मूल्य पर रिकॉर्ड तोड़ गेहूं की खरीदी हुई है. जिले के 93 उपार्जन केंद्रों पर 34110 किसानों ने 9 अप्रैल से 28 मई तक 344870 मीट्रिक टन गेहूं बेचा. जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिहं जादौन ने बताया कि किसानों को गेहूं विक्रय का 816 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है. पिछले साल 3.26 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हुई थी.

#### महापौर ने वार्ड 51 में किया पार्क का लोकार्पण

**भोपाल.** महापौर मालती राय ने शुक्रवार को वार्ड 51 के सहयोग परिसर कॉलोनी में पार्क का लोकार्पण किया. महापौर राय ने पर्यावरण संरक्षण, हरितिमा विकास एवं जन स्वास्थ्य के दृष्टिगत विकसित किए गए पार्क की सुविधा प्राप्त होने पर नागरिकों को बधाई दी. इस अवसर पर जोन अध्यक्ष बाबूलाल यादव, पूर्व सांसद आलोक संजर, पूर्व निगम परिषद अध्यक्ष डॉ.सुरजीत सिंह चौहान, स्थानीय पार्षद स्नेहलता रघुवंशी के अलावा गुंजन चौकसे सहित स्थानीय रहवासीगण मौजूद थे.

## मोबाइल लूट के आरोपियों को दबोचा



**निज संवाददाता**

**भोपाल, 29 मई. हबीबगंज और चूनाभट्टी थाना पुलिस ने मोबाइल लूट की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है.**

पुलिस के अनुसार शाहपुरा निवासी संजू ठाकुर 29 मई की रात करीब 1.30 बजे डिलीवरी देने जा रहे थे. इसी दौरान 12 नंबर स्टॉप से ई-7 अरेरा कॉलोनी की ओर जाते समय तीन युवकों ने उन्हें रोक लिया.आरोपियों ने मारपीट और झूमाझटकी कर उनका वीवो टी-4 5जी मोबाइल फोन छीन लिया. पीड़ित ने तुरंत पास में चल रही पुलिस वाहन चेकिंग टीम को घटना की जानकारी दी.

पुलिस ने आरोपी आशीष कनाडे और ब्रजेश कनाडे को गिरफ्तार किया है,जबकि एक नाबालिग बालक को भी अभिरक्षा में लिया गया है.

## एक दर्जन आइसक्रीम फैक्ट्री, दुकानों पर छापे

### मिलावट की आशंका में लिए नमूने



**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 29 मई. खाद्य सुरक्षा नियंत्रक दल ने शुक्रवार को एक दर्जन से अधिक आइसक्रीम फैक्ट्री, दुकान और डेयरी पर पर छापेमारी की. यह छापेमारी खाद्य पदाथों में मिलावटखोरी के विरुद्ध की गई.**

आयुक्त खाद्य सुरक्षा के निर्देश पर संभागीय उड़नदस्ता प्रभारी पंकज श्रीवास्तव की टीम ने कई इलाकों में ताबड़तोड़ औचक छापेमारी की. कार्रवाई के दौरान टीम ने शहर के प्रमुख थोक विक्रेता, फुटकर विक्रेता और खाद्य पदार्थो का निर्माण करने वालों की नामी ब्रांड्स की आइसक्रीम के नमूने लिए. महाकाल इंटरप्राइजेज से जेके रोड, मिनाल रेसीडेंसी के पास सघन निरीक्षण करते हुए टीम ने हैट्सन एग्रो प्रोडक्ट लिमिटेड (तमिलनाडु) द्वारा निर्मित फ्लेवर्ड आइसक्रीम कसाटा स्लाइस और फ्लेवर्ड आइसक्रीम पिस्ता टब के सैंपल किए. रिलायंस रिटेल लिमिटेड कटारा हिल्स की जांच करते हुए अमूल आइसक्रीम के नमून लिए.

## पुलिसकर्मियों के तबादले, 4 साल से जमे थे एक ही थाने में

**निज संवाददाता**

**भोपाल,29 मई. राजधानी में एक ही थाने में चार वर्ष से अधिक समय से पदस्थ 12 पुलिसकर्मियों के तबादले किए गए हैं. डीसीपी जोन-4 आदर्शकांत शुक्ला ने यह आदेश जारी किए हैं.**

जारी आदेश के अनुसार उपनिरीक्षक कोमल सिंह को थाना निशातपुरा से थाना गांधीनगर भेजा गया है. प्रधान आरक्षक चतर सिंह का निशातपुरा से कजलीखेड़ा, जबकि प्रधान आरक्षक सुभाष जाडौन का गांधीनगर से निशातपुरा तबादला किया गया है.प्रधान आरक्षक अनुराग पटेल और रवि यादव को गांधीनगर से बैरागढ़ भेजा गया है.इसी तरह प्रधान आरक्षक श्रीकृष्ण कटारिया को गांधीनगर से निशातपुरा, प्रधान आरक्षक ऋषि तिवारी को कोलार रोड से निशातपुरा और प्रधान आरक्षक संजय सरोया को छोला मंदिर से कजलीखेड़ा स्थानांतरित किया गया है. आरक्षक गुलाब सिंह किरार को निशातपुरा से छोला मंदिर,जितेंद्र मालवीय को निशातपुरा से बैरागढ़, योगेंद्र सिंह को निशातपुरा से छोला मंदिर और मधुसूदन सिंह को निशातपुरा से गांधीनगर भेजा गया है.

## स्टंट करने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई

**निज संवाददाता**

**भोपाल,29 मई. यातायात पुलिस ने सड़क पर स्टंट करने वाले वाहन चालकों और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है. पुलिस द्वारा पॉलीटेक्निक चौराहा और वीआईपी रोड पर वायरल वीडियो के आधार पर कार्रवाई करते हुए वाहनों को जब्त किया गया.**

जानकारी के अनुसार 28 मई को पॉलीटेक्निक चौराहा पर कार चालक समीर खान द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए खतरनाक स्टंट किया गया था.इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यातायात पुलिस ने वाहन क्रमांक के आधार पर आरोपी को ऐशबाग क्षेत्र से पकड़ा.पुलिस ने कार जब्त कर थाना श्यामला हिल्स में बीएनएस और मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया. इसी तरह वीआईपी रोड पर बाइक चालक द्वारा स्टंट करने का वीडियो वायरल हुआ था. पुलिस ने बाइक को जब्त कर मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की.



इसके अलावा भवानी चौक और आसपास के क्षेत्रों में नो पार्किंग में खड़े वाहनों तथा अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया. इस दौरान 30 वाहनों पर कार्रवाई की गई.

## दो इंजीनियरों की मौत से रेल कर्मचारियों में आक्रोश

**भोपाल,29 मई. कोटा-नागदा रेलखंड के कपालपुरा-दरा स्टेशन के बीच अंडरब्रिज विस्तार कार्य के दौरान मिट्टी धंसने से दो रेल इंजीनियर सुपरवाइजरों की दर्दनाक मौत होने से रेलवे कर्मचारियों और अधिकारियों में शोक और आक्रोश का माहौल है.**

यह हादसा 28 मई को हुआ. दुर्घटना में एसएसई पीवे संजय झा और जेई वर्क्स प्रभात सिंह मिट्टी के नीचे दब गए, जिससे दोनों की मौके पर ही मृत्यु हो गई. रेल कर्मचारी संघ ने इस हादसे के लिए प्रशासनिक लापरवाही और सुरक्षा नियमों की अनदेखी को जिम्मेदार बताया है. संघ का कहना है कि रेलवे में इस तरह की यह लगातार चौथी घटना है, लेकिन पहले हुए हादसों से कोई सबक नहीं लिया गया.कर्मचारियों पर अधिक कार्य दबाव, सुरक्षा व्यवस्था की कमी और अधिकारियों की निगरानी का अभाव लगातार गंभीर दुर्घटनाओं को जन्म दे रहा है. संघ के महासचिव अशोक शर्मा ने इस हादसे की उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है.

## इलेक्ट्रिक थैरेपी मैट में लगी आग

### बुजुर्ग की मौत,शार्ट सर्किट से हुआ हादसा

**निज संवाददाता**

**भोपाल,29 मई. इलेक्ट्रिक थैरेपी मैट में शॉर्ट सर्किट होने से 90 वर्षीय बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई.घटना ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र की है.जानकारी के अनुसार ग्लेडविन सहाय पीठ दर्द और अन्य शारीरिक समस्याओं से परेशान थे.**

दर्द से राहत पाने के लिए वे घर में इलेक्ट्रिक थैरेपी मैट का उपयोग करते थे.बताया गया कि 27 मई की दोपहर वे थैरेपी बेड पर लेटे हुए थे.इसी दौरान बेड के इलेक्ट्रिक सिस्टम में अचानक स्पार्किंग हुई और आग लग गई.चलने-फिरने में असमर्थ होने के कारण बुजुर्ग खुद को बचा नहीं सके और गंभीर रूप से झुलस गए.

परिजन तुरंत उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे,लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. ईंटखेड़ी थाना प्रभारी आशीष रूपे ने बताया कि शुरुआती जांच में बैटरी और इलेक्ट्रिक सिस्टम में खराबी की बात सामने आई है.

मामले की तकनीकी जांच कराई जा रही है.पुलिस के अनुसार यह कोई विस्फोट नहीं था,बल्कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी थी.

मृतक के बेटे ने बताया कि पिता दिन में दो बार इलेक्ट्रिक थैरेपी मैट का उपयोग करते थे.यह उपकरण शरीर दर्द,मांसपेशियों की जकड़न और फिजियोथेरेपी में राहत के लिए इस्तेमाल किया जाता है.विशेषज्ञों के अनुसार ऐसे इलेक्ट्रिक उपकरणों का उपयोग करते समय वायरिंग,बैटरी और हीटिंग सिस्टम की नियमित जांच जरूरी है,ताकि इस तरह के हादसों से बचा जा सके.

### किराए के मकान में युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

**भोपाल.** संजीव नगर इलाके में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया.घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की.देर रात पुलिस ने मृतक के परिजनों को फोन कर सूचना दी, जिसके बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और शव की पहचान मुकेश के रूप में की गई. परिजनों ने बताया कि मुकेश इलाके में किराए के मकान में अकेले रहते थे.वह एक हलवाई की दुकान पर काम कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे.उनका परिवार बैरागढ़ क्षेत्र में निवास करता है.

## निगम ने कई इलाकों से हटाए अतिक्रमण

### नगर निगम के अतिक्रमण अमले ने सामान किया जब्त

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 29 मई. राजधानी में नगर निगम के अतिक्रमण अमले ने शुक्रवार को शहर के कई इलाकों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की.**

यह कार्रवाई शहर के प्रमुख बाजारों और मार्गों में आम आदमी और वाहनों के चलने पर बाधा उत्पन्न करने वाले पर की की गई. जिनकी शिकायतें सीएम व महापौर हेल्पलाइन पर नगर निगम को मिली थीं. इन शिकायतों के निराकरण करते हुए हाथ ठेले, गुमठियां व टीन शेड हटाए गए.



अमले ने यह कार्रवाई नेहरू नगर, जवाहर चौक, शाहपुरा मनीषा मार्केट, बिट्टन मार्केट, रोहित नगर, बावड़िया कला, अयोध्या बायपास, जहांगीराबाद, हमीदिया रोड, रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर-6, सिंधी कॉलोनी चौराहा, बैरागढ़ सीटीओ रोड, आशाराम तिराहा, गांधी नगर बस स्टॉप, सब्जी मंडी आदि क्षेत्रों में की.

रोहित नगर सर्विस रोड से अवैध रूप से बना एक बांस बल्ली का टपरा तोड़ा. विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ठेले, गुमठी, काउंटर, पान पार्लर, बोर्ड, टेबिल, कुर्सी, स्टूल, सब्जी की दुकानें, एवं दुकानों के बाहर रखी सामग्री जब्त की.

**जागरुकता** | किशोरियों को उम्र के साथ होने वाले बदलावों के बारे में बताया

## मासिक धर्म पर झिझक छोड़, स्वच्छता से जोड़ें नाता

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 29 मई. मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता केवल एक आदत नहीं बल्कि हर महिला और किशोरी के बेहतर स्वास्थ्य की पहली सीढ़ी है.**

इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य संस्थाओं में विशेष जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया.बता दें इस वर्ष यह अभियान 'टुगेदर फॉर ए पीरियड फ्रेंडली वर्ल्ड' की थीम पर चलाया गया. जिसका मुख्य उद्देश्य माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना और किशोरियों को खुलकर बात करने के लिए प्रेरित करना रहा.जिसके तहत जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित परामर्श सत्रों में किशोरियों को उम्र के साथ होने वाले शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक बदलावों के बारे में विस्तार से बताया गया. इस दौरान अस्पतालों के ओपीडी और वार्डों में भर्ती महिलाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता के टिप्स दिए गए.इसके साथ ही किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की एनीमिया जांच की गई और उन्हें आयरन फोलिक एसिड की गोलियों के नियमित सेवन के लाभ बताए गए.




### सैनेटरी पैड का सही उपयोग जरूरी

स्वास्थ्य शिविरों में सबसे ज्यादा जोर सैनेटरी पैड के सही इस्तेमाल और उसके सुरक्षित निष्पादन (डिस्पोजल) पर दिया गया. आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि संक्रमण से बचने के लिए सेनेटरी पैड या साफ-सूखे कपड़े को हर 4 से 6 घंटे में बदलना बेहद जरूरी है. शिविर में सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने महिलाओं और किशोरियों को जागरूक करते हुए कहा कि मासिक धर्म के दौरान साफ-सफाई में लापरवाही गंभीर बीमारियों को बुलावा दे सकती है.उन्होंने बताया कि नैपकिन को इस्तेमाल करने के बाद सीधे खुले में फेंकने के बजाय उसे कागज में अच्छी तरह लपेटकर ऐसे कूड़ेदान में डालें, जो प्रतिदिन खाली किए जाते हों.उन्होंने सलाह दी कि किशोरी बालिकाओं में हीमोग्लोबिन का स्तर बनाए रखने के लिए आयरन की गोली का नियमित सेवन किया जाना चाहिए.

## मकान सूचीकरण में नहीं मिली कोई विसंगति

### प्रेक्षक ने की लोगों से चर्चा

**भोपाल, 29 मई. जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है. जिसकी गुणवत्ता की जांच शुक्रवार को भारत के महारजिस्ट्रार के निरीक्षण दल (प्रेक्षक) की.**

इस दौरान गणना ब्लॉकों में स्थित मकानों के रहवासियों से जनगणना के संबंध में जानकारी व पूछे गये प्रश्नों के संबंध में चर्चा की साथ ही प्रगणकों से व्यवहारिक तौर पर आने वाली समस्याओं के संबंध में चर्चा भी की. निरीक्षण दल को मकान सूचीकरण कार्य में किसी प्रकार की कोई विसंगति नहीं मिली. जनगणना मकान सूचीकरण कार्य पूर्ण होने पर निगम आयुक्त व प्रमुख नगर जनगणना अधिकारी संस्कृति जैन ने मकान सूचीकरण कार्य से संलग्न सभी संबंधितों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी.



### प्रेक्षक ने ब्लॉकों और लेआउट मैप की जांच

मकानों की गणना के कार्य की गुणवत्ता की जांच निरीक्षण दल में शामिल दिल्ली से आए प्रेक्षक वरिंदर कौर एवं सांख्यिकी अन्वेषक अमरजीत कुमार ने वार्ड क्रमांक 31 स्थित शिवनगर, वार्ड क्र. 43 स्थित ग्रीन मेनडोज कॉलोनी, वार्ड क्र. 59 स्थित वाल्मिकी मंदिर क्षेत्र विकास नगर सहित अन्य स्थानों का भ्रमण कर मकान सूचीकरण ब्लाकों में कार्य की गुणवत्ता की जांच की साथ ही प्रगणकों द्वारा तैयार किये गये लेआउट मैप आदि की जांच की.